Title : Need to relocate the oil depots situated near thickly populated areas.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): सभापति जी, इसी महीने के शुरू में जयपुर में तेल डिपो में भीषण आग लगी, जिसमें कई लोगों की जान गई और लाखों रुपए का डीजल तथा पेट्रोल जल गया। इस पूरे अग्निकांड में अरबों रुपए का नुकसान हुआ है। मेरा निवेदन है कि इस तरह के तेल डिपोज़ को मानव बस्तियों से दूर बनाया जाए। इसलिए देश भर में जितने भी ऐसे तेल डिपोज़ हैं, जिनके आसपास मानव बस्तियां हैं, उन्हें निर्जन स्थान पर ट्रंसफर किया जाए और ऐसा प्रयास किया जाए कि वहां कोई मानव बस्ती न बसाई जाए।

मेरा इसी विषय से सम्बन्धित दूसरा निवेदन है कि इस तरह के तेल डिपोज़ में उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से तेल में भारी मात्रा में मिलावट की जाती है, उसे रोकने की कार्रवाई की जाए। मैं मध्य प्रदेश से आता हूं। वहां इंदौर में मांगली में तेल डिपो है, वह भी घनी आबादी में अवस्थित है। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि मांगली डिपो को तत्काल वहां से निर्जन स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और देश में जहां भी मानव बस्तियों के पास इस तरह के तेल डिपोज़ हैं, उन्हें भी एक बड़ी योजना बनाकर खाली स्थानों पर स्थानांतरित करके स्थापित किया जाए।

---

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN : The House now stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 a.m.

18.54 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, November 26, 2009/Agrahayana 5, 1931 (Saka).